सरकारी गजट, उत्तरांचल
उत्तरांचल सरकार द्वारा प्रकाशित
असाधारण
विधायी परिशिष्ट
भाग–4, खण्ड (क)
देहरादून, शनिवार, 28 जुलाई, 2001 ई0
श्रावण 06, 1923 शक सम्वत्

उत्तरांचल शासन
आबकारी आयुक्त
सं0 3068
दि0 देहरादून, 28 जुलाई, 2001

अधिसूचना

उ0प्र0 साधारण खण्ड अधिनियम 1904 (उ0प्र0 अधिनियम सं0 1904 का 1) की धारा–21 के साथ पठित उ0प्र0 आबकारी अधिनियम, 1910 (उ0प्र0 अधिनियम सं0 1910 का IV) की धारा–41 के अधीन शक्तियों के प्रयोग में आबकारी आयुक्त उत्तरांचल, उत्तरांचल, राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) नियम, 2001 में संशोधन की दृष्टि से निम्नलिखित नियम बनाता है ।

उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) (द्वितीय संशोधन) नियम – 2001

1. संक्षिप्त नाम व प्रारम्भः–
   (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) (द्वितीय संशोधन) नियम – 2001 है।
   (2) ये नियम 1 अगस्त 2001 से प्रवृत्त होंगे।
2. नियम–15 का संशोधनः –
   उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) नियम 2001, जिन्हें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है, में स्तंभ–I में निर्दिष्ट नियम–15 हेतु स्तंभ–II में निर्दिष्ट नियम प्रतिस्थापित होगा।

स्तंभ–I वर्तमान नियम	स्तंभ–II एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम
नियम–15 अनुज्ञापी, एक माह हेतु मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा, माह के अंतिम कार्य दिवस तक उठा सकता है। माह के अंतिम कार्य दिवस तक न उठाई गई मात्रा जब्त हो जायेगी। तथापि, यदि अनुज्ञापी ने मांग पत्र जमा किया है तथा माह की समाप्ति से पहले सभी ड्यूटीज़ व करों सहित देशी मदिरा का संपूर्ण मूल्य जमा किया है तो जिला आबकारी अधिकारी अगले माह के तीसरे दिन तक मदिरा उठाने की	नियम–15 अनुज्ञापी, एक माह हेतु मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा, माह के अंतिम कार्य दिवस तक उठा सकता है। माह के अंतिम कार्य दिवस तक न उठाई गई मात्रा जब्त हो जायेगी। तथापि, यदि अनुज्ञापी ने मांग पत्र जमा किया है तथा माह की समाप्ति से पहले सभी करों सहित देशी मदिरा का संपूर्ण मूल्य जमा किया है तो जिला

स्तंभ–I वर्तमान नियम	स्तंभ–II एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम
अनुमति प्रदान कर सकता है। यदि अनुज्ञापी ने एक माह की संपूर्ण मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा उठा ली है तथा उसकी दुकान में और विक्रय की संभावना है तो उसे इन नियमों के अधीन निर्धारित मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी के आधार पर गणना कर प्रति बल्क लीटर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क के भुगतान पर दुकान हेतु मासिक प्रत्याभूत मात्रा की 20% अतिरिक्त मात्रा उठाने की अनुमति होगी। यदि वह किसी माह विशेष में मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा के 120% से अधिक मात्रा उठाना चाहता है तो उसे इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित उच्च दर पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क जमा कराना होगा।	आबकारी अधिकारी, अनुज्ञापी के लिखित आवेदन पर (उस वित्तीय वर्ष के अप्रैल से फरवरी के दौरान) अगले माह के दसवें दिन तक मदिरा उठाने की अनुमति दे सकता है। यदि अनुज्ञापी ने एक माह की संपूर्ण मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा उठा ली है तथा उसकी दुकान में और विक्रय की संभावना है तो उसे (अग्रिम रूप से ड्यूटी जमा करने के पश्चात्) उसी दर पर (जैसी कि, दुकान के लिये मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी के आधार पर गणना की गई है) न्यूनतम मासिक प्रत्याभूत ड्यूटी के 50% के बराबर देशी मदिरा की अतिरिक्त मात्रा उठाने की अनुमति होगी। यदि वह एक माह में मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी के 150% से अधिक के सापेक्ष मदिरा उठाना चाहता है तो उसे इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित उच्च दर पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क जमा कराना होगा।

(सुभाष कुमार)
आबकारी आयुक्त
उत्तरांचल

आबकारी आयुक्त कार्यालय, उत्तरांचल
सं0 1194/ST दि0 देहरादून 14–09–2001

अधिसूचना

उ0प्र0 साधारण खण्ड अधिनियम 1904 (उ0प्र0 अधिनियम सं0 1904 का 1) की धारा–21 के साथ पठित उ0प्र0 आबकारी अधिनियम, 1910 (उ0प्र0 अधिनियम सं0 1910 का IV) की धारा–41 के अधीन शक्तियों के प्रयोग में आबकारी आयुक्त उत्तरांचल, उत्तरांचल, राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) नियम, 2001 में संशोधन की दृष्टि से निम्नलिखित नियम बनाता है।

उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) (तृतीय संशोधन) नियम–2001

1. संक्षिप्त नाम व प्रारम्भः–
   (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) (तृतीय संशोधन) नियम – 2001 है।
   (2) ये नियम 1 अगस्त 2001 से प्रवृत्त होंगे।
2. नियम–2 का संशोधनः –
   उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) नियम 2001, जिन्हें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है, में स्तंभ–I में निर्दिष्ट नियम–2 (बी), 2 (एच), 2 (जे) हेतु स्तंभ–II में निर्दिष्ट नियम–2 (बी), 2 (एच), 2 (जे) प्रतिस्थापित होगा।

स्तंभ–I वर्तमान नियम	स्तंभ–II एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम
नियम–2 (बी), 2 (एच), 2 (जे) 2. परिभाषाएं : – 2(बी). "देशी मदिरा" में, उत्तरांचल में वर्तमान देशी मदिरा की दुकानों में बेची जाने वाली 32% $^{v}/_{v}$ क्षमता की देशी स्पिरिट व मसाला युक्त देशी मदिरा सम्मिलित है।	नियम–2 (बी), 2 (एच), 2 (जे) 2. परिभाषाएं : – 2(बी) "देशी मदिरा" में, उत्तरांचल में वर्तमान देशी मदिरा की दुकानों में बेची जाने वाली 32% $^{v}/_{v}$ क्षमता की देशी स्पिरिट, सादी व मसाला युक्त देशी मदिरा सम्मिलित है।
2(एच) मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा से अभिप्राय है, अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा निर्धारित, देशी मदिरा (32% $^{v}/_{v}$ की मसाला युक्त देशी मदिरा के रूप में) की न्यूनतम मात्रा, जो कि वर्ष के किसी माह के दौरान अनुज्ञापी की दुकान में खुदरा विक्रय के उद्देश्य से देशी मदिरा के बंधकाधीन माल गोदाम से उसके द्वारा उठाना प्रत्याभूत है।	2(एच) मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा से अभिप्राय है, अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा निर्धारित, देशी मदिरा (32% $^{v}/_{v}$ की मसाला युक्त / सादी देशी मदिरा के रूप में) की न्यूनतम मात्रा, जो कि वर्ष के किसी माह के दौरान अनुज्ञापी की दुकान में खुदरा विक्रय के उद्देश्य से देशी मदिरा के बंधकाधीन माल गोदाम से उसके द्वारा उठाना प्रत्याभूत है।
2(जे) मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी से अभिप्राय है, अधिनियम की धारा–24 के अधीन अनन्य	2(जे) 2(जे) मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी से अभिप्राय है, अधिनियम की

स्तंभ–I वर्तमान नियम	स्तंभ–II एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम
विशेषाधिकार हेतु अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिये प्रतिफल धनराशि का वह भाग, जो कि समय–समय पर, अधिनियम की धारा–28 के साथ पठित धारा–30 के अधीन उदग्रहणीय 32% $^{v}/_{v}$ की मसाला युक्त देशी मदिरा पर ड्यूटी हेतु राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित दर पर एक माह की संपूर्ण मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय है।	धारा–24 के अधीन अनन्य विशेषाधिकार हेतु अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिये प्रतिफल धनराशि का वह भाग, जो कि समय–समय पर, अधिनियम की धारा–28 के साथ पठित धारा–30 के अधीन उदग्रहणीय 32% $^{v}/_{v}$ की मसाला युक्त / सादी देशी मदिरा पर ड्यूटी हेतु राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित दर पर एक माह की संपूर्ण मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय है।

3. नियम–6(ए) का संशोधनः –

उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) नियम 2001, जिन्हें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है, में स्तंभ–I में निर्दिष्ट नियम–6(ए) हेतु स्तंभ–II में निर्दिष्ट नियम प्रतिस्थापित होगा।

स्तंभ–I वर्तमान नियम			स्तंभ–II एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम		
नियम–6 अनुज्ञापन शुल्क तथा प्रतिभूति जमा सी एल 5 सी प्रपत्र में लाइसेंस एक आबकारी वर्ष की अवधि या उसके एक भाग हेतु निम्नलिखित भुगतान पर दिया जायेगा :– (ए) दुकान के व्यवस्थापन के समय निम्न दरों पर अग्रिम में लाइसेंस फीस :–			नियम–6 अनुज्ञापन शुल्क तथा प्रतिभूति जमा सी एल 5 सी प्रपत्र में लाइसेंस एक आबकारी वर्ष की अवधि या उसके एक भाग हेतु निम्नलिखित भुगतान पर दिया जायेगा :– (ए) दुकान के व्यवस्थापन के समय निम्न दरों पर अग्रिम में लाइसेंस फीस :–		
श्रेणी	"वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा" बल्क लीटर में मात्रा (32% $^{v}/_{v}$ की मसाला युक्त देशी मदिरा के रूप में)	प्रति दुकान लाइसेंस फीस (रूपयों में)	श्रेणी	"वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा" बल्क लीटर में मात्रा (32% $^{v}/_{v}$ की मसाला युक्त/सादी देशी मदिरा के रूप में)	प्रति दुकान लाइसेंस फीस (रूपयों में)
1.	12,000 तक	50,000	1.	12,000 तक	50,000
2.	12,001 से 30,000	1,00,000	2.	12,001 से 30,000	1,00,000
3.	30,001 से 60,000	2,00,000	3.	30,001 से 60,000	2,00,000
4.	60,001 से 1,00,000	4,00,000	4.	60,001 से 1,00,000	4,00,000
5.	1,00,001 से 1,50,000	6,00,000	5.	1,00,001 से 1,50,000	6,00,000
6.	1,50,001 से 3,00,000	8,00,000	6.	1,50,001 से 3,00,000	8,00,000
7.	3,00,001 से ऊपर	10,00,000	7.	3,00,001 से ऊपर	10,00,000

4. नियम–7 का संशोधन :–

उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) नियम 2001, जिन्हें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है, में स्तंभ–I में निर्दिष्ट नियम–7 हेतु स्तंभ–II में निर्दिष्ट नियम प्रतिस्थापित होगा।

स्तंभ–I वर्तमान नियम	स्तंभ–II एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम
नियम–7 देशी मदिरा की क्षमता :– 32% $^{v}/_{v}$ अल्कोहॉल क्षमता की मसाला युक्त देशी मदिरा	नियम–7 देशी मदिरा की क्षमता :– 32% $^{v}/_{v}$ अल्कोहॉल क्षमता की मसाला युक्त/सादी देशी मदिरा

(सुभाष कुमार)
आबकारी आयुक्त
उत्तरांचल

सरकारी गजट, उत्तरांचल
उत्तरांचल सरकार द्वारा प्रकाशित
असाधारण
विधायी परिशिष्ट
भाग–4, खण्ड (क)
सामान्य परिनियम नियम
देहरादून, शुक्रवार, 14 सितम्बर, 2001 ई0
भाद्रपद 23, 1923 शक सम्वत्
उत्तरांचल शासन
आबकारी आयुक्त कार्यालय
सं0 1195/ST
दि0 देहरादून, 14 सितम्बर, 2001

अधिसूचना

उ0प्र0 साधारण खण्ड अधिनियम 1904 (उ0प्र0 अधिनियम सं0 1904 का 1) की धारा–21 के साथ पठित उ0प्र0 आबकारी अधिनियम, 1910 (उ0प्र0 अधिनियम सं0 1910 का IV) की धारा–41 के अधीन शक्तियों के प्रयोग में आबकारी आयुक्त उत्तरांचल, उत्तरांचल, राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) नियम, 2001 में संशोधन की दृष्टि से निम्नलिखित नियम बनाता है ।

उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) (चतुर्थ संशोधन) नियम – 2001

1. संक्षिप्त नाम व प्रारम्भः–
   (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) (चतुर्थ संशोधन) नियम – 2001 है।
   (2) ये नियम 1 सितम्बर 2001 से प्रवृत्त होंगे।
2. नियम–15 का संशोधनः –
   उत्तरांचल आबकारी (देशी मदिरा के खुदरा विक्रय हेतु अनुज्ञप्तियों का व्यवस्थापन) नियम 2001, जिन्हें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है, में स्तंभ–I में निर्दिष्ट नियम–15 हेतु स्तंभ–II में निर्दिष्ट नियम प्रतिस्थापित होगा।

स्तंभ–I वर्तमान नियम	स्तंभ–II एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम
नियम–15 अनुज्ञापी, एक माह हेतु मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा, माह के अंतिम कार्य दिवस तक उठा सकता है। माह के अंतिम कार्य दिवस तक न उठाई गई मात्रा जब्त हो जायेगी। तथापि, यदि अनुज्ञापी ने मांग पत्र जमा किया है तथा माह की समाप्ति से पहले सभी करों सहित देशी मदिरा का संपूर्ण मूल्य जमा	नियम–15 अनुज्ञापी, एक माह हेतु मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा, माह के अंतिम कार्य दिवस तक उठा सकता है। माह के अंतिम कार्य दिवस तक न उठाई गई मात्रा जब्त हो जायेगी। तथापि, यदि अनुज्ञापी ने मांग पत्र जमा किया

स्तंभ–I वर्तमान नियम	स्तंभ–II एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम
किया है तो जिला आबकारी अधिकारी अनुज्ञापी के लिखित आवेदन पर (उस वित्तीय वर्ष के अप्रैल से फरवरी के दौरान) अगले माह के दसवें दिन तक मदिरा उठाने की अनुमति दे सकता है। यदि अनुज्ञापी ने एक माह की संपूर्ण मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा उठा ली है तथा उसकी दुकान में और विक्रय की संभावना है तो उसे (अग्रिम रूप से ड्यूटी जमा करने के पश्चात) उसी दर पर (जैसी कि, दुकान के लिये मासिक प्रत्याभूत ड्यूटी के आधार पर गणना की गई है) न्यूनतम मासिक प्रत्याभूत ड्यूटी के 50% के बराबर देशी मदिरा की अतिरिक्त मात्रा उठाने की अनुमति होगी। यदि वह एक माह में मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी के 150% से अधिक के सापेक्ष मदिरा उठाना चाहता है तो इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित उच्च दर पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क जमा कराना होगा।	है तथा माह की समाप्ति से पहले सभी करों सहित देशी मदिरा का संपूर्ण मूल्य जमा किया है तो जिला आबकारी अधिकारी, अनुज्ञापी के लिखित आवेदन पर (उस वित्तीय वर्ष के अप्रैल से फरवरी के दौरान) अगले माह के पच्चीसवें दिन तक मदिरा उठाने की अनुमति दे सकता है। यदि अनुज्ञापी ने एक माह की संपूर्ण मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा उठा ली है तथा उसकी दुकान में और विक्रय की संभावना है तो उसे (अग्रिम रूप से ड्यूटी जमा करने के पश्चात्) उसी दर पर (जैसी कि, दुकान के लिये मासिक प्रत्याभूत ड्यूटी के आधार पर गणना की गई है) न्यूनतम मासिक प्रत्याभूत ड्यूटी के 50% के बराबर देशी मदिरा की अतिरिक्त मात्रा उठाने की अनुमति होगी। यदि वह एक माह में मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी के 150% से अधिक के सापेक्ष मदिरा उठाना चाहता है तो उसे इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित उच्च दर पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क जमा कराना होगा।

(सुभाष कुमार)
आबकारी आयुक्त
उत्तरांचल

सरकारी गजट, उत्तरांचल
उत्तरांचल सरकार द्वारा प्रकाशित
असाधारण
विधायी परिशिष्ट
भाग–4, खण्ड (क)
सामान्य परिनियम नियम
देहरादून, शुक्रवार, 14 सितम्बर, 2001 ई0
भाद्रपद 23, 1923 शक सम्वत्

Uttaranchal Shasan

The Excise Commissioner Office, Uttaranchal

No.: 1196/ST
dated:Dehradun:September 14, 2001

NOTIFICATION

In Exercise of the powers under section 41 of the U.P. Excise Act 1910 (U.P. Act no. IV of 1910) read with section 21 of the U. P. General Clauses Act 1904 (U.P. Act no. I of 1904), the Excise Commissioner, Uttaranchal with the previous sanction of the State Government makes the following rules with a view of amending The Uttaranchal Excise (Settlement of Licences for Retail Sale of Foreign Liquor and Beer) Rules 2001.

The Uttaranchal Excise (Settlement of Licences For Retail Sale of Foreign Liquor and Beer) (Fourth Amendment) Rules 2001.

1. Short Title and Commencement

(1) These rules may be called The Uttaranchal Excise (Settlement of Licences For Retail Sale of Foreign Liquor and Beer) (Fourth Amendment) Rules, 2001.

(2) They shall come into force from 1st September 2001.

2. Amendment of rule 13: In the Uttaranchal Excise (Settlement of Licences For Retail Sale of Foreign Liquor and Beer) Rules 2001 here in after referred to as the said Rules for Rule 13 set out in column I below, the rule as set out in column II shall be substituted :-

Column I	Column II
Existing Rule	*Rule as hereby substituted*
Rule 13	Rule 13

The Licensee under these rules shall obtain supplies of foreign liquor from any wholesale licence (FL-2) of the district after making full payments of cost price of foreign liquor including all taxes, duties and cess as levied from time to time. If any specific/particular brand of foreign liquor is not available in wholesale licence or licences of his district the same may be procured from any other wholesale licence of the state with prior permission of the Deputy Excise Commissioner (licencing) Head Quarter, Uttaranchal.	The Licensee under these rules shall obtain supplies of foreign liquor from wholesale licence (FL-2) of the district after making full payments of cost price of foreign liquor including all taxes, duties and cess as levied from time to time. If any specific/particular brand of foreign liquor is not available in wholesale licence of his district the same may be procured from any other wholesale licence of the state with prior permission of the Deputy Excise Commissioner (licencing) Head Quarter, Uttaranchal. The amount of Monthly Minimum Guaranteed Duty shall be adjusted against per bottle issue of Indian Made Foreign Liquor(Spirits only) from FL-2 in the following manner :-

Per Bottle Ex Distillery price	Amount of Monthly Minimum guranteed duty
Upto Rs. 16/-	40/- Rs. per Bottle
From Rs.16.01 to Rs. 20	50/- Rs. per Bottle
From Rs.20.01 to Rs. 35	60/- Rs. per Bottle
From Rs.35.01 to Rs. 75	75/- Rs. per Bottle
From Rs.75.01 to Rs. 150	90/- Rs. per Bottle
Above Rs.150	109/- Rs. per Bottle

3. Amendment of Rule 14: In the said rules, for the Rule 14 set out in Column I below, the Rule as setout in Column II shall be substituted:-

Column I	Column II
Existing Rule	*Rule as hereby substituted*
Rule 14	Rule 14

The licensee can lift the Monthly Minimum Guaranteed Quantity for a month till the last working day of the month. The quantity left unlifted on the last working day of the month shall stand forefited. However if the licensee has deposited all Monthly Minimum Guaranteed Duty, the District Excise Officer may permit lifting of liquor till 10th day of the next month (during April to February of that financial year), on written request from the licensee.

In case the licensee has lifted Foreign Liquor against the entire amount of Monthly Minimum Guaranteed Duty fixed for a month and there is scope for further sale in his shop, he (after depositing the duty in advance) will be allowed to lift an additional quantity of Foreign Liquor equivalent to 50% of the Minimum Monthly Guaranteed Duty at the same rate (as calculated on the basis of Monthly Minimum Guaranteed Duty for the shop) . In case a licensee wants to lift Foreign Liquor against more than 150% of the Monthly Minimum Guaranteed Duty in a month, he shall be required to deposit an additional Excise Duty at a higher rate as notified by the State Government in this regard. FL 5D Licensee shall be free to purchase any quantity of Beer from FL2 or FL2B as per the genuine sale requirements of his shop.

The licensee can lift the Monthly Minimum Guaranteed Quantity for a month till the last working day of the month. The quantity left unlifted on the last working day of the month shall stand forefited. However if the licensee has deposited all Monthly Minimum Guaranteed Duty, the District Excise Officer may permit lifting of liquor till 25th day of the next month (during April to February of that financial year), on written request from the licensee.

In case the licensee has lifted Foreign Liquor against the entire amount of Monthly Minimum Guaranteed Duty fixed for a month and there is scope for further sale in his shop, he (after depositing the duty in advance) will be allowed to lift an additional quantity of Foreign Liquor equivalent to 50% of the Minimum Monthly Guaranteed Duty at the same rate (as calculated on the basis of Monthly Minimum Guaranteed Duty for the shop) . In case a licensee wants to lift Foreign Liquor against more than 150% of the Monthly Minimum Guaranteed Duty in a month, he shall be required to deposit an additional Excise Duty at a higher rate as notified by the State Government in this regard. FL 5D Licensee shall be free to purchase any quantity of Beer from FL2 or FL2B as per the genuine sale requirements of his shop.

(Subhash Kumar)
Excise Commissioner,
Uttaranchal.

कार्यालय आबकारी आयुक्त उत्तरांचल
अधिसूचना
संख्याः 26 जनवरी, 10/14, 2002

संयुक्त प्रान्त अधिनियम, 1910 (संयुक्त प्रान्त अधिनियम सं0 4 सन् 1910) की धारा 31 और उ0प्र0 साधारण खण्ड अधिनियम 1904 (स0प्रा0 अधिनियम सं0–1, सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित 1910 के उक्त अधिनियम की धारा 41 द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से उत्तर प्रदेश में प्रकाशित आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश की अधिसूचना संख्याः14915/लाईसेंस–संसाधन–99–2000 दिनांक 25 मार्च, 1999 द्वारा यथासंशोधित आबकारी आयुक्त की अधिसूचना संख्या 13684/दो–781–डी0–सामान्य, दिनांक 25 अक्टूबर, 1967 के साथ प्रकाशित रियायती शुल्क पर विदेशी शराब की फुटकर बिक्री से सम्बन्धित नियमों में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं।

उत्तरांचल आबकारी (संशोधन) नियमावली, 2002

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**–(1) यह नियमावली उत्तरांचल आबकारी (संशोधन) नियमावली 2002 कही जायेगी।

(2) यह 10.01.2002 से प्रवृत्त होगी।

2. **पैरा 650 में दिये गये नियम का संशोधन**– नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये समय–समय पर यथासंशोधित रियायती शुल्क पर विदेशी शराब की फुटकर बिक्री से सम्बन्धित नियम के, जो यू0पी0 एक्साइज मैनुअल खण्ड–1 (1974 संस्करण) के पैरा 650 में दिया गया है, के स्थान (स्तम्भ–1) पर स्तम्भ दो पर दिये गये नियम रख दिये जायेंगे अर्थात.

....

स्तम्भ–1	स्तम्भ–2
650–(1) सैनिक कैन्टीन प्रणाली के अधीन विदेशी शराब की फुटकर बिक्री के लिए ठेके देने के संबंध में कलेक्टर द्वारा कैन्टीन किरायेदार को लाईसेंस दिया जा सकता है और जारी किया जा सकता है। किन्तु जब कभी ऐसा लाईसेंस जारी किया जाये, आबकारी आयुक्त, को इसकी सूचना दी जायेगी। इस लाइसेंस के	650–(1) सैनिक कैन्टीन प्रणाली के अधीन विदेशी शराब की फुटकर बिक्री के लिए ठेके देने के संबंध में कलेक्टर द्वारा कैन्टीन किरायेदार को लाईसेंस दिया जा सकता है और जारी किया जा सकता है। किन्तु जब कभी ऐसा लाईसेंस जारी किया जाये, आबकारी आयुक्त, को इसकी सूचना दी जायेगी। इस लाइसेंस के

अधीन बिक्री केवल कैन्टीन में या इस प्रयोजन के लिए सैनिक प्राधिकारियों द्वारा नियत स्थान पर और केवल उन्हीं व्यक्तियों को की जायेगी, जो उस रेजीमेन्ट से जिसके लिए लाइसेंस दिया गया हो, सम्बद्ध हो, या जो ऐसी कैन्टीन का उपभोग करने के लिए आर्मी रेगुलेशन के अधीन सम्यक रूप से प्राधिकृत हो।

(2) उक्त लाइसेंस प्रपत्र–एफ0एल0–9 में होगा और प्रत्येक बिक्री के स्थान के लिए एक पृथक लाइसेंस अपेक्षित होगा। इस बात से कोई अन्तर नहीं पड़ेगा कि बिक्री स्थल एक ही ठेकेदार के हों या अलग–अलग ठेकेदारों के और यह कि वे एक ही सैनिक यूनिट से सम्बद्ध है या अलग–अलग। प्रपत्र एफ0एल0–9 में कैन्टीन लाईसेंस के अधीन बिक्री के आधार पर निर्धारित फीस की वसूली निम्नलिखित दरों पर की जायेगी।

(एक) भारत में बनी सभी रू0 30.00 प्रकार की विदेशी शराब, स्प्रिट, वाईन, शराब, कार्डियल आदि।	प्रति मान्य क्वार्ट बोतल
(दो) अल्कोहल को 5 रू0 2.00 प्रतिशत वी/वी तक शक्ति प्रति 650 रखने वाली बियर स्टाउड एम0एल0 और अन्य किण्वित शराब	बोतल
(तीन) अल्कोहल को 5 रू0 3.00 प्रतिशत वी/वी से अधिक प्रति 650 किन्तु 8 प्रतिशत वी/वी से एम0एल0 कम शक्ति रखने वाली बोतल बियर, स्टाउट और अन्य किण्वित शराब	

(3) (क) रियायती शुल्क की रम को प्रतिरक्षा कार्मिकों के साथ बिक्री करने के लिए कलेक्टर द्वारा यूनिट कैन्टीन को प्रपत्र एफ0एल0–9ए में सैनिक यूनिट कैन्टीन लाईसेंस दिया जा सकता है और जारी किया जा सकता है। किन्तु जब कभी ऐसा लाईसेंस जारी किया जाये आबकारी आयुक्त को उसकी सूचना दी जायेगी। यह लाईसेंस यूनिट के आफिसर कमान्डिंग के अनुरोध पर उचित जांच और छानबीन करने के पश्चात दिया जाना चाहिए। इस लाईसेंस के अधीन बिक्री केवल यूनिट रम, कैन्टीन में या सैनिक प्राधिकारी द्वारा विशिष्ट रूप से पृथक रक्षित स्थल पर और केवल उन्हीं व्यक्ति को की जायेगी, जो उस रेजीमेन्ट से जिसके लिए लाइसेंस दिया गया हो, सम्बद्ध हो, या जो कैन्टीन से खरीदारी करने के लिए आर्मी

अधीन बिक्री केवल कैन्टीन में या इस प्रयोजन के लिए सैनिक प्राधिकारियों द्वारा नियत स्थान पर और केवल उन्हीं व्यक्तियों को की जायेगी, जो उस रेजीमेन्ट से जिसके लिए लाइसेंस दिया गया हो, सम्बद्ध हो, या जो ऐसी कैन्टीन का उपभोग करने के लिए आर्मी रेगुलेशन के अधीन सम्यक रूप से प्राधिकृत हो।

(2) उक्त लाइसेंस प्रपत्र–एफ0एल0–9 में होगा और प्रत्येक बिक्री के स्थान के लिए एक पृथक लाइसेंस अपेक्षित होगा। इस बात से कोई अन्तर नहीं पड़ेगा कि बिक्री स्थल एक ही ठेकेदार के हों या अलग–अलग ठेकेदारों के और यह कि वे एक ही सैनिक यूनिट से सम्बद्ध है या अलग–अलग। प्रपत्र एफ0एल0–9 में कैन्टीन लाईसेंस के अधीन बिक्री के आधार पर निर्धारित फीस की वसूली निम्नलिखित दरों पर की जायेगी।

(एक) भारत में बनी सभी रू0 30.00 प्रकार की विदेशी शराब, स्प्रिट, वाईन, शराब, कार्डियल आदि।	प्रति मान्य क्वार्ट बोतल
(दो) अल्कोहल को 5 रू0 2.00 प्रतिशत वी/वी तक शक्ति प्रति 650 रखने वाली बियर स्टाउड एम0एल0 और अन्य किण्वित शराब	बोतल
(तीन) अल्कोहल को 5 रू0 3.00 प्रतिशत वी/वी से अधिक प्रति 650 किन्तु 8 प्रतिशत वी/वी से एम0एल0 कम शक्ति रखने वाली बोतल बियर, स्टाउट और अन्य किण्वित शराब	

(3) (क) रियायती शुल्क की रम को प्रतिरक्षा कार्मिकों के साथ बिक्री करने के लिए कलेक्टर द्वारा यूनिट कैन्टीन को प्रपत्र एफ0एल0–9ए में सैनिक यूनिट कैन्टीन लाईसेंस दिया जा सकता है और जारी किया जा सकता है। किन्तु जब कभी ऐसा लाईसेंस जारी किया जाये आबकारी आयुक्त को उसकी सूचना दी जायेगी। यह लाईसेंस यूनिट के आफिसर कमान्डिंग के अनुरोध पर उचित जांच और छानबीन करने के पश्चात दिया जाना चाहिए। इस लाईसेंस के अधीन बिक्री केवल यूनिट रम, कैन्टीन में या सैनिक प्राधिकारी द्वारा विशिष्ट रूप से पृथक रक्षित स्थल पर और केवल उन्हीं व्यक्ति को की जायेगी, जो उस रेजीमेन्ट से जिसके लिए लाइसेंस दिया गया हो, सम्बद्ध हो, या जो कैन्टीन से खरीदारी करने के लिए आर्मी

रेगुलेशन के अधीन सम्यक रूप से प्राधिकृत हो। प्रत्येक विक्रय स्थल के लिए प्रपत्र एफ0एल0–9ए में एक पृथक लाइसेंस अपेक्षित होगा।

(ख) एफ0एल0–9ए में कैन्टीन लाइसेंस कलेक्टर द्वारा महानिदेशक भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा प्राधिकृत भारत तिब्बत सीमा पुलिस कैन्टीनों/यूनिटों को भी भारत तिब्बत सीमा पुलिस कार्मिकों को रियायती रम की फुटकर बिक्री के लिए दिया जा सकता है, जारी किया जा सकता है, किन्तु जब कभी ऐसा लाइसेंस जारी किया जाये, आबकारी आयुक्त, को उसकी सूचना दी जायेगी। यह लाइसेंस उप महानिरीक्षक, भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के अनुरोध पर जांच और छानबीन करने के पश्चात दिया जाना चाहिए। इस लाइसेंस के अधीन बिक्री 'केवल रम कैन्टीन' में या उप महा निरीक्षक भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा विशेष रूप से पृथक रक्षित स्थान पर और केवल व्यक्तियों को की जायेगी जो ईकाई से, जिसके लिए लाइसेंस दिया जाये, सम्बद्ध हो।

(ग) उपखण्ड (क) और (ख) में निर्दिष्ट लाइसेंस के अधीन बिक्री के आधार पर निर्धारित फीस की वसूली 18 रूपये (अठारह रूपये) रियायती शुल्क रम प्रति मान्य क्वार्ट की दर पर होगी।

टिप्पणी– कैन्टीन के लाइसेंसधारी के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक नहीं है, यदि सेना युद्धाभ्यास कर रही है, मार्च कर रही है, या अस्थायी स्थानों पर उसे नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए बुलाया जाये बशर्ते इन स्थानों पर बिक्री को मुख्य लाइसेंसधारी के स्थान पर रखे गये लेखा में सम्मिलित कर लिया जाये।

रेगुलेशन के अधीन सम्यक रूप से प्राधिकृत हो। प्रत्येक विक्रय स्थल के लिए प्रपत्र एफ0एल0–9ए में एक पृथक लाइसेंस अपेक्षित होगा।

(ख) एफ0एल0–9ए में कैन्टीन लाइसेंस कलेक्टर द्वारा महानिदेशक भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा प्राधिकृत भारत तिब्बत सीमा पुलिस कैन्टीनों/यूनिटों को भी भारत तिब्बत सीमा पुलिस कार्मिकों को रियायती रम की फुटकर बिक्री के लिए दिया जा सकता है, जारी किया जा सकता है, किन्तु जब कभी ऐसा लाइसेंस जारी किया जाये, आबकारी आयुक्त, को उसकी सूचना दी जायेगी। यह लाइसेंस उप महानिरीक्षक, भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के अनुरोध पर जांच और छानबीन करने के पश्चात दिया जाना चाहिए। इस लाइसेंस के अधीन बिक्री 'केवल रम कैन्टीन' में या उप महा निरीक्षक भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा विशेष रूप से पृथक रक्षित स्थान पर और केवल व्यक्तियों को की जायेगी जो ईकाई से, जिसके लिए लाइसेंस दिया जाये, सम्बद्ध हो।

(ग) (1) उपखण्ड (क) और (ख) में निर्दिष्ट लाइसेंस के अधीन बिक्री के आधार पर निर्धारित फीस की वसूली 18 रूपये (अठारह रूपये) रियायती शुल्क रम प्रति मान्य क्वार्ट की दर पर होगी।

(2) उत्तरांचल के भारत तिब्बत सीमा क्षेत्र में तैनात भारतीय सैनिकों और भारत तिब्बत सीमा पुलिस को प्रतिवर्ष दी जाने वाली कमशः 1,80. 180 लीटर और 41,168 लीटर की सीमा तक रम पर कोई एसेस्ड फीस देय नहीं होगी।

टिप्पणी– कैन्टीन के लाइसेंसधारी के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक नहीं है, यदि सेना युद्धाभ्यास कर रही है, मार्च कर रही है, या अस्थायी स्थानों पर उसे नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए बुलाया जाये बशर्ते इन स्थानों पर बिक्री को मुख्य लाइसेंसधारी के स्थान पर रखे गये लेखा में सम्मिलित कर लिया जाये।

(चन्द्र सिंह)
आबकारी आयुक्त,
उत्तरांचल शासन

उत्तरांचल सरकार
आबकारी अनुभाग
संख्याः27 / आबकारी / 2002 / देहरादूनः जनवरी 14, 2002
अधिसूचना

सा0प0नि0–9

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 (संयुक्त प्रान्त अधिनियम संख्या 4 सन् 1910) की धारा 28 और 29 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके, राज्यपाल समय–समय पर उ0प्र0 सरकार की यथासंशोधित सरकारी अधिसूचना संख्याः1099ई–2 / तेरह–99–37(1)–84 दि0 24 मार्च 1999 में दिनांक 10.01.2002 से निम्नलिखित संशोधन करते हैं।

संशोधन

उपर्युक्त अधिसूचना की अनुसूची में, नीचे स्तम्भ–1 में दी गयी विद्यमान मद–4 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दी गयी मद–4 रख दी जायेगी, अर्थात

स्तम्भ–1	रू0	स्तम्भ–2	रू0
विद्यमान मद–4		एतद्द्वारा प्रतिस्थापित मद–4	
4–(क) निम्नलिखित को छोड़कर अन्य सभी प्रकार की स्प्रिट।	48.00 प्रति लीटर अल्कोहल	4–(क) निम्नलिखित को छोड़कर अन्य सभी प्रकार की स्प्रिट।	48.00 प्रति लीटर अल्कोहल
(एक) विकृत स्प्रिट		(एक) विकृत स्प्रिट	
(दो) औषधीय और प्रसाधन निर्मितियां (उत्पाद शुल्क) अधिनियम 1955, के अधीन लाईसेंस प्राप्त बंधकाधीन / अबंधकाधीन फार्मेसियों को जारी किया गया / की गयी अल्कोहल / परिशोधित स्प्रिट		(दो) औषधीय और प्रसाधन निर्मितियां (उत्पाद शुल्क) अधिनियम 1955, के अधीन लाईसेंस प्राप्त बंधकाधीन / अबंधकाधीन फार्मेसियों को जारी किया गया / की गयी अल्कोहल / परिशोधित स्प्रिट	
(तीन) भारतीय सेना और भारत तिब्बत सीमा को दी जाने वाली रम		(तीन) भारतीय सेना और भारत तिब्बत सीमा को दी जाने वाली रम	
(ख) उत्तर प्रदेश के भारत–तिब्बत सीमा क्षेत्र में तैनात भारतीय सैनिकों और भारत तिब्बत सीमा पुलिस को प्रतिवर्ष दी जाने वाली क्रमशः 180180 लीटर और 41,168 लीटर की सीमा तक रम	17.25 प्रति लीटर अल्कोहल	(ख) उत्तर प्रदेश के भारत–तिब्बत सीमा क्षेत्र में तैनात भारतीय सैनिकों और भारत तिब्बत सीमा पुलिस को प्रतिवर्ष दी जाने वाली क्रमशः 180180 लीटर और 41,168 लीटर की सीमा तक रम	कोई अभिकर नहीं
(ग) उपर्युक्त खण्ड (ख) के अन्तर्गत न आने वाले अल्कोहल भारतीय सैनिकों को दी जाने वाली रम।	43.00 प्रति अल्कोहल लीटर	(ग) उपर्युक्त खण्ड (ख) के अन्तर्गत न आने वाले अल्कोहल भारतीय सैनिकों को दी जाने वाली रम।	43.00 प्रति अल्कोहल लीटर

आज्ञा से
(चन्द्र सिंह)
सचिव आबकारी, उत्तरांचल शासन

संख्याः1477 / एसटी / आबकारी / 2002

प्रेषक,

संयुक्त आबकारी आयुक्त,
उत्तरांचल, देहरादून।

सेवा में,

संयुक्त निदेशक
राजकीय मुद्रणालय,
रूड़की, जनपद हरिद्वार।

आबकारी विभाग

देहरादूनः दिनांकः जनवरी 16, 2002

विषयः **राजकीय अधिसूचना संख्या 26 एवं 27 / आबकारी / 2002 जनवरी 14, को मुद्रित किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त शासकीय अधिसूचना संख्या 27 / आबकारी / 2002, जनवरी 14, 2002 की हिन्दी प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे आपसे यह कहने का निर्देश हुआ है कि कृपया इस अधिसूचना को राज्य सरकार असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट भाग–4, खण्ड (क) सामान्य परिशिष्ट में दिनांक 14 जनवरी 2002 की तिथि में अवश्य प्रकाशित करने का कष्ट करें एवं प्रकाशित अधिसूचना की 25–25 मुद्रित प्रतियां शासन के आबकारी विभाग को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संख्याः27 / आबकारी / 2002 जनवरी 14, 2002

भवदीय,

(धीरेन्द्र वर्मा)
संयुक्त आबकारी आयुक्त
कृते आबकारी आयुक्त, उत्तरांचल

संख्याः1478–79 / एसटी / आबकारी / 2002

प्रतिलिपिः–

1. सचिव महोदय (आबकारी) उत्तरांचल, शासन को उनके द्वारा दिये गये निर्देशों के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।
2. आबकारी निरीक्षक, बी0एस0 चौहान, रूड़की जनपद हरिद्वार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(धीरेन्द्र वर्मा)
संयुक्त आबकारी आयुक्त
कृते आबकारी आयुक्त, उत्तरांचल

सरकारी गजट, उत्तरांचल
उत्तरांचल सरकार द्वारा प्रकाशित
असाधारण
विधायी परिशिष्ट
भाग–4, खण्ड (क)
(सामान्य परिनियम नियम)
देहरादून, बुधवार 24 अप्रैल, 2002 ई0
वैशाख 04, 1924 शक सम्वत्
उत्तरांचल शासन
आबकारी विभाग
संख्याः591 / देहरादून, 24 अप्रैल, 2002

अधिसूचना

सा0प्र0नि0–04

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–1 सन् 1904) की धारा–21 के साथ पठित संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 (संयुक्त प्रान्त अधिनियम संख्या–4 सन् 1910) की धारा–41 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके आबकारी आयुक्त, उत्तरांचल राज्य की पूर्व स्वीकृति से देशी / विदेशी मदिरा एवं बियर की फुटकर बिक्री को विनियमित करने की दृष्टि से वित्तीय वर्ष 2002–2003 के लिए निम्नलिखित नवीन आबकारी नीति उद्घोषित करते हैंः–

यह दिनांक 01 मई, 2002 से प्रवृत्त होगी।

1. क. उत्तरांचल की प्राकृतिक एवं नैसर्गिक सौन्यर्ता बनाये रखने, जनस्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए इस राज्य में वर्ष 2002–2003 के लिए देशी मदिरा की पाली पाउचों में की जाने वाली बिक्री पूर्ण निषिद्ध कर दी जायेगी।

अवैध मदिरा के निर्माण एवं तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण रखा जायेगा। विशेषतः ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी पर नियंत्रण के लिए सक्रिय प्रवर्तन कार्यवाही की जायेगी। इस कार्य में समाजसेवी महिला संगठनों तथा अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं को सहयोग दिया जायेगा और समय–समय पर उनके साथ बैठकें भी आयोजित की जायेंगी। अत्यधिक मदिरा पान की लत छुड़ाने के लिए मद्यनिषेध आंदोलन (टेम्परेन्स मूवमेन्ट) को बढ़ावा दिया जायेगा।

(ख) ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मदिरा की दुकानों की संख्या घटाने एवं क्षेत्र विशेष की आवश्यकतानुसार स्थानीय जन मानस की भावनाओं को देखते हुए उनके स्थान पुनर्नियोजित किये जायेगें। ग्रामीण क्षेत्र की अनपेक्षित दुकानों को बंद करने के बाद शेष मदिरा की दुकानों का व्यवस्थापन किया जायेगा। हरिद्वार व ऋषिकेश तीर्थ स्थानों में नगरपालिका क्षेत्र को सीमान्तर्गत, पीरान कलियर के 1.6 किमी क्षेत्र में, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री धामों, पूर्णागिरी, रीठा साहब, हेमकुण्ड साहब तथा नानकमत्ता तीर्थ स्थलों में पूर्ण मद्यनिषेध लागू होगा तथा इन क्षेत्रों में मदिरा की कोई दुकानें नहीं खोली जायेंगी।

(ग) धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थाओं तथा चिकित्सालयों के समीप मदिरा की दुकानों का व्यवस्थापन नहीं किया जायेगा। यात्रा मार्ग के मुख्य मार्ग पर मदिरा की कोई नई दुकान नहीं खोली जायेगी।

(घ) प्रदेश के बाहर के राज्यों से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने हेतु राज्य की सीमाओं पर 13 चैकपोस्ट बनायी जायेंगी जहां पर आबकारी सिपाहियों के साथ–साथ भूतपूर्व सैनिकों को संविदा के आधार पर तैनाती की जायेंगी।

(च) वर्तमान में अवैध मदिरा निर्माण एवं तस्करी आदि के मामलों में कठोर दण्ड की व्यवस्था नहीं है। इस हेतु आबकारी अधिनियम की सम्बन्धित धाराओं–60, 63 एवं 68 में दण्ड के प्राविधान को कठोर करते हुए इन धाराओं से सम्बन्धित अपराधों में जुर्माने की न्यूनतम धनराशि 5000/– रूपये जुर्माना लगाये जाने की व्यवस्था बनाने हेतु सम्बन्धित एक्ट में संशोधन किया जायेगा।

इन प्राविधानों के प्रभावी कियान्वयन के लिए आबकारी विभाग को सशक्त बनाते हुए इसका पुनर्गठन किया जायेगा।

दुकानों के व्यवस्थापन हेतु वर्ष 2002–2003 के लिए रा निर्धारण निम्नानुसार किया जायेगाः–

(अ) वित्तीय वर्ष 2001–2002 की दुकानों की वास्तविक बिक्री के आधार पर जिला आबकारी अधिकारी की सलाह पर जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित जनपद की प्रत्येक दुकान का वर्ष 2002–2003 हेतु लाइसेंस फीस का निर्धारण किया जायेगाः–

(ब) राजस्व के दुकानवार निर्धारण के आधारः–

उपरोक्त बिन्दु (अ) के अनुसार दुकान की निर्धारित लाईसेंस फीस+वर्ष 2001–2002 की वास्तविक बिक्री के आधार पर न्यूनतम निर्धारित वार्षिक अभिकर।

इस प्रकार अंश 'ब' की गणना से प्राप्त दुकानवार राशि पर 12 प्रतिशत बढ़ोत्तरी का लक्ष्य जोड़ते हुए दुकान के वर्ष 2002–2003 में प्राप्त व्यवस्थापन राजस्व को घटाने के उपरान्त वर्ष 2002–2003 की शेष अवधि के लिए दुकान के कुल राजस्व गणना की जायेगी। उपरोक्त गणना के अनुसार पूरे वर्ष हेतु प्राप्त लाइसेंस फीस की राशि को घटाकर आयी राशि को वर्ष 2002–2003 की शेष अवधि हेतु दुकान की लाइसेंस फीस माना जायेगा। शेष राशि को दुकान का न्यूनतम गारन्टीड वार्षिक अभिकर मानते हुए उसके 11 भाग करके प्रत्येक भाग के विपरीत आगे आने वाले माहों में मदिरा की निकासी दी जायेगी। इस प्रकार दुकानों के कुल व्यवस्थापन राजस्व (लाईसेंस फीस+अभिकर) में जनपदवार निर्धारित लक्ष्य की वृद्धि सुनिश्चित की जायेगी।

(स) वर्ष 2002–2003 में मदिरा की दुकानों के व्यवस्थापन हेतु, यदि वर्तमान अनुज्ञापी (ऐसे व्यक्ति अथवा संस्थायें जो 30.4.2002 को देशी/विदेशी मदिरा के अनुज्ञापी रहेंगे, वर्तमान अनुज्ञापी माने जायेंगे) वर्ष 2002–2003 की शेष अवधि के लिए उपरोक्तानुसार निर्धारित की गयी लाईसेंस फीस एवं न्यूनतम निर्धारित गारन्टीड अभिकर की राशि पर उसी/उन्हीं अनुज्ञापियों/संस्थाओं के नाम व्यवस्थापित कर दिया जायेगा।

(द) उक्त विकल्प के अनुसार व्यवस्थापन करने पर यदि कुछ दुकानें व्यवस्थापित होने से शेष रह जाती है तो इन दुकानों का व्यवस्थापन गढ़वाल व कुमाऊं मण्डल विकास निगमों अथवा भूतपूर्व सैनिकों की पंजीकृत को–ऑपरेटिव सोसाईटीज के पक्ष में निर्धारित राजस्व के आधार पर किया जायेगा।

मदिरा के लाईसेंस फीस के स्लैब उपभोगवार वर्ष 2001–2002 की भांति निम्न प्रकार प्रस्तावित हैः–

देशी मदिरा

श्रेणी	मदिरा की वार्षिक न्यूनतम गारन्टीड मात्रा बल्क लीटर में। (वित्तीय वर्ष 2001–2002 के वास्तविक उपभोग के आधार पर)	लाईसेंस फीस प्रति दुकान रूपयों में
1	12,000 बल्क लीटर तक	50,000.00
2	12,0001 से 30,000 बल्क लीटर तक	1,00,000.00

3	30,001 से 60,000 बल्क लीटर तक	2,00,000.00
4	60,001 से 1,00,000 बल्क लीटर तक	4,00,000.00
5	1,00,000 से 1,15,000 बल्क लीटर तक	6,00,000.00
6	1,50,001 से 3,00,000 बल्क लीटर तक	8,00,000.00
7	3,00,000 बल्क लीटर से अधिक	10,00,000.00

विदेशी मदिरा

श्रेणी	विदेशी मदिरा की वार्षिक न्यूनतम गारन्टीड मात्रा 750 एम0एल0 बोतल के टर्म में (वित्तीय वर्ष 2001–2002 के वास्तविक उपभोग के आधार पर)	लाईसेंस फीस प्रति दुकान रूपयों में
1	6,000 बोतल तक	50,000.00
2	6,001 से 12,000 बोतल तक	1,00,000.00
3	12,001 से 25,000 बोतल तक	2,00,000.00
4	25,001 से 50,000 बोतल तक	4,00,000.00
5	50,001 से 75,000 बोतल तक	6,00,000.00
6	75,001 से 1,00,000 बोतल तक	8,00,000.00
7	1,00,000 बोतल से अधिक	10,00,000.00

2. प्रत्येक दुकान की लाईसेंस फीस व न्यूनतम गारन्टीड अभिकर की राशि दुकान के व्यवस्थापन के समय निर्धारित कर दी जायेगी। किसी माह में निर्धारित न्यूनतम गारन्टीड अभिकर के विपरीत मदिरा का पूरा उठान हो जाने के उपरान्त दुकान पर और मदिरा की आवश्यकता होने की स्थिति में दुकान की न्यूनतम निर्धारित मासिक गारन्टीड अभिकर से अधिक उठान की अनुमति अभिकर की मूल दर के अतिरिक्त बढ़ी दर पर अतिरिक्त अभिकर, जैसा कि नीचे स्पष्ट है, जमा कराकर दे दी जायेगी।

किसी माह में मासिक न्यूनतम गारन्टीड राशि से अधिक उठाने की स्थिति में मासिक, न्यूनतम, गारन्टीड राशि की प्रत्येक 10 प्रतिशत राशि के विपरीत अतिरिक्त उठान पर प्रति बोतल/प्रति लीटर देय न्यूनतम गारन्टीड राशि की मूल निर्धारित दर को 5/– रूपये बढ़ाते हुए मदिरा की निकासी दी जायेगी।

3. देशी मदिरा की दुकानों को प्रतिस्पर्धा/तस्करी से बचाने के लिए देशी मदिरा (मसालेदार) की तीव्रता 36 प्रतिशत वी/वी रखी जायेगी। कच्ची शराब से मदिरा की दुकानों को सुरक्षित रखने एवं साधारण उपभोक्ता की क्रय शक्ति को दृष्टिगत रखते हुए सादा मदिरा की तीव्रता 25 प्रतिशत वी/वी रखी जायेगी। देशी व विदेशी मदिरा की गुणवत्ता उच्च कोटी की बनाये रखा जाना सुनिश्चित किया जायेगा व इस पर प्रभावी नियंत्रण रखा जायेगा।

4. राज्य के अन्तर्गत प्रतिवर्ष देशी मदिरा के भारी मात्रा में पाली पाउच जहां तहां फेंके जाने के कारण प्रदूषण बढ़ा है। अतः पर्यावरण प्रदूषण की दृष्टि से देशी शराब की आपूर्ति/उपलब्धता केवल कांच की बोतलों में ही करायी जायेगी।

5. आंशिक मद्यनिषेध क्षेत्रों, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, चमोली, उत्तरकाशी एवं रूद्रप्रयाग में परमिट व्यवस्था पूर्व की भांति लागू रखी जाये व राज्य के इन क्षेत्रों में पर्यटन की दृष्टि से पर्यटकों को बिना परमिट के मदिरा बेची जा सकेगी एवं तीन सितारा या उससे उच्च श्रेणी के आवासीय होटलों में कम से कम बार अनुज्ञापन दिये जायेंगे।

6. उत्तरांचल राज्य के स्थायी निवासी के पक्ष में ही दुकानों का आबंटन किया जायेगा। आवेदन पत्र का मूल्य व प्रोसेसिंग फीस रू0 100/– प्रति आवेदन पत्र निर्धारित किया जायेगा। आवेदक को चरित्र प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा। यदि मूल आवेदन पत्र के साथ आवेदक के द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उसे निर्धारित प्रारूप में एक शपथ पत्र देना होगा और व्यवस्थापन उसके पक्ष में हो जाने पर जिलाधिकारी से चरित्र प्रमाण पत्र देना होगा। लाइसेंसिग प्राधिकारी द्वारा जांच कराकर सुनिश्चित करवाया जायेगा कि आवेदक अवांछनीय गिरोह से तो नहीं जुड़ा है, तथा दुकानों के व्यवस्थापन के पश्चात उनकी हैसियत की जांच करायी जायेगी।

7. अभिकर की चोरी एवं मदिरा की तस्करी को रोकने के लिए देशी मदिरा/विदेशी मदिरा की बोतलों पर आबकारी विभाग का नम्बर युक्त होलोग्राफिक स्टिकर लगाया जायेगा।

